बिहार लोक सेवा आयोग

15, जवाहरलाल नेहरू मार्ग (बेली रोड), पटना – 800001

आवश्यक सूचना

विज्ञापन संख्या 82/2014 के अन्तर्गत बिहार राज्य के विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं अंगीभूत महाविद्यालयों में **ज्योतिष** विषय में सहायक प्राचार्य के पदों पर नियुक्ति हेतु अर्हित उम्मीदवारों में से मेधाक्रमानुसार चयनित उम्मीदवारों का साक्षात्कार दिनांक–29.06.2019 को आयोजित किया जाएगा।

साक्षात्कार का विस्तृत कार्यक्रम एवं अनुदेश, आरक्षण कोटिवार कट–ऑफ अधिभार अंक आयोग के वेबसाईट www.bpsc.bih.nic.in पर प्रदर्शित कर दिया गया है।

वैसे उम्मीदवार जिन्हें उक्त कट–ऑफ अधिभार अंक के समतुल्य अथवा उससे अधिक अधिभार अंक होने का दावा हो तथा जिन्हें साक्षात्कार के लिए आमंत्रित नहीं किया गया है, से अपनी अधिभार अंकों की गणना तालिका एवं संगत प्रमाण पत्रों/अंक पत्रों के साथ अपना आपत्ति अभ्यावेदन मात्र **e-mail: bpscpat-bih@nic.in** से दिनांक–24.06.2019 तक आयोग में भेज सकते हैं। दिनांक–24.06.2019 के बाद प्राप्त आपत्ति अभ्यावेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

जिन उम्मीदवारों द्वारा Ph.D/M.Phil With UGC Regulation 2009 का दावा किया गया है, उन्हें विशेष रूप से निर्देश दिया जाता है कि वे अपना Ph.D. का निबंधन संख्या एवं तिथि तथा अपने–अपने विश्वविद्यालय के रजिस्ट्रार के हस्ताक्षर से निर्गत Pre Ph.D अंकपत्र एवं Ph.D/M.Phil कितने और किन–किन Criteria से उत्तीर्ण है, से संबंधित प्रमाण पत्र साक्षात्कार के दिन समर्पित करेंगे। उक्त प्रमाण पत्र समर्पित नहीं करने वाले अभ्यर्थी को Ph.D/ M.Phil Without UGC Regulation 2009 माना जाएगा।

साक्षात्कार की तिथि के एक सप्ताह पूर्व उम्मीदवारों का साक्षात्कार पत्र आयोग के वेबसाईट पर अपलोड कर दिया जाएगा जिसे डाउनलोड कर साक्षात्कार में शामिल होना है। **किसी उम्मीदवार को डाक से साक्षात्कार पत्र नहीं भेजा जाएगा।**

यह भी स्पष्ट किया जाता है कि साक्षात्कार के लिए आमंत्रित सभी उम्मीदवारों की अर्हता पूर्णतः औपबंधिक है। उनकी अर्हता पर यथासमय समीक्षा कर यथोचित निर्णय लेने हेतु आयोग स्वतंत्र रहेगा।

17.6.19

संयुक्त सचिव–सह–परीक्षा नियंत्रक
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना